Page Three
Classified

Adds can be booked under these Categories : (all day publication)

Recruitment
Property
Business Opportunity
Vehicles
Announcements
Antiques & Collectables
Barter
Books
Computers
Domain Names
Education
Miscellaneous
Entertainment & Event
Hobbies & Interests
Services
Jewellery & Watches
Music
Obituary
Pets & Animals
Retail
Sales & Bargains
Health & Sports
Travel

Matrimonial (Sunday Only)



अब मात्र रु. 20 प्रति शब्द

# बेहतर स्वास्थ्य सुविधा न मिल पाने से मायूस है जनता

**जिम्मेदार कौन**

## स्थानीय जनता को बेहतर स्वास्थ सुविधा का लाभ पाने के लिए आज भी होना पड़ रहा दो चार

**निर्मल भट्ट। विशेष रिपोर्ट।**

पिथौरागढ़। सीमांत के गणाई गंगोली क्षेत्र में साल 2015 में पीएचसी को सीएचसी की स्वीकृति दे गई। मगर हालात आज भी इलाके में जस के तस पडे हुए है। स्थानीय जनता बेहतर स्वास्थ सुविधा का लाभ पाने के लिए आज भी दो चार हो रही है। जानकारी के मुताबिक सात साल बीत चुकने के बाद भी आज भी इलाके में सीएचसी के निमार्ण के लिए भूमि चयनित न हो पाना स्थानीय जनता के लिए चिंता का विषय बनने लगा है।

बता दें कि सामुदायिक स्वास्थ केन्द्र गणाई गोली आज भी प्राथमिक स्वास्थ केन्द्र गणाई गंगोली के भवन में चल रहा है। क्षेत्र की जनता को पीएचसी का भवन छोटा होना से खासी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। यहां पर मरीजों के देखने के लिए डाक्टरों के साथ



स्टाफ की भारी कमी बरकरार है। मरीजों को गंभीर बीमारी के दोरान अस्पताल में सामान्य तौर पर भर्ती करने के लिए केवल चार बेड ही बनाये गये है। ऐसे में मरीजों के तीमारदारों को अपने मरीज के साथ यहां पर भर्ती करने के लिए खासतौर पर परेशानी से दो चार होना पड़ रहा है।

क्षेत्र की जनता की उम्मीदों को ऐसे हालातों में खासा धक्का लगने के आसार बन चुके है। सात साल बीत जाने के बाद भी स्थानीय क्षेत्रीय प्रशासन अब तक यहां पर क्षेत्र की जनता को बेहतर स्वास्थ सुविधा देने के लिए नपतो भूमि चयनित करा सका है और न ही यहां पर मरीजों को देखने के लिए मौके पर स्टाफ व बेड़ों की बेहतर व्यवस्था तक नही करा सका है।

ऐसे में क्षेत्र की जनता को मायूसी के दौर से गुजरना पड़ रहा है। इस बारे में गंगोलीहाट के विधायक फकीर टम्टा ने भी माना है कि गणाई गंगोली में धरातल पर बेहतर स्वास्थ सुविधा यहां की जनता को वर्तमान में मिलने में खासी दिक्कतें झेलनी पड़ रही है। इलाके की जनता को बेहतर स्वास्थ सुविधा दिलाने के लिए वे शासन व सरकार से मांग करेगें की इलाके में स्वींकृत किये गये सीएचसी भवन के लिए जल्द ही भूमि चयनित करने के लिए पहल करे। जिम्मेदार अधिकारियों से मिलकर यहां पर विचार विमर्श कर वे इस मामले पर जल्द ही निर्देश देगे।

## न्यूज डायरी

### दस लोगों को रस्सी के सहारे पहाड़ी पर किया रेस्क्यू

**संवाददाता** नैनीताल। देवघर में रोपवे की घटना ने लोगों में दहशत पैदा कर दिया है। ऐसे में पर्यटकों में भरोसा जताने और तैयारियों को परखने के लिए कुमाऊं मंडल विकास निगम ने बुधवार को मॉकड्रिल किया। इस दौरान रोपवे में फंसे दस लोगों को रस्सी के सहारे पहाड़ी पर उतारा गया। निगम प्रबंधन का दावा है कि रोपवे में किसी तरह की तकनीकी गड़बड़ी नहीं है। यदि अपरिहार्य स्थिति में नौबत आई तो निगम के पास रेस्क्यू टीम की तैयारी पूरी है। बुधवार को शासन के निर्देश पर मल्लीताल में केएमवीएन के रोपवे में रेस्क्यू अभियान का ट्रायल किया गया। इसमें रोपवे के दस तकनीकी स्टाफ समेत प्रबंधक शिवम शर्मा शामिल थे। करीब सुबह नौ बजे से शुरू हुआ ट्रायल 45 मिनट तक चला।

### एल्गोरिदम को सार्वजनिक करने वाला पहला सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म बना कू ऐप

**संवाददाता** देहरादून। कू ऐप ने एक ऐतिहासिक कदम उठाते हुए अपने मूल एल्गोरिदम को सार्वजनिक किया है। इससे यह स्वदेशी ऐप अपनी एल्गोरिदम के दर्शन और काम करने के तरीके को पेश करने वाला पहला महत्वपूर्ण सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म बन गया है। यह कदम यूजर्स के हितों पर केंद्रित है और मंच की पारदर्शिता और निष्पक्षता के लिए कू ऐप की प्रतिबद्धता को दोहराता है। यह यूजर्स को यह जानने का अधिकार देता है कि वे कोई सामग्री क्यों देख रहे हैं। इन एल्गोरिदम को मार्च 2022 में कू ऐप की वेबसाइट पर सार्वजनिक किया गया था। ये एल्गोरिदम गणित के कई नियमों का एक समूह है जो यूजर्स के व्यवहार और प्राथमिकताओं के आधार पर उनके अनुभवों को उनकी पसंद के मुताबिक और बेहतर बनाने में मदद करता है।

### इन्द्रप्रस्थ अपोलो में बच्ची में जीवनरक्षक लिवर ट्रांसप्लांट सर्जरी को दिया अंजाम

**संवाददाता** देहरादून। नई दिल्ली के इन्द्रप्रस्थ अपोलो हॉस्पिटल्स में बिहार से आई 8 वर्षीय बच्ची में जीवनरक्षक लिवर ट्रांसप्लांट सर्जरी को सफलतापूर्वक अंजाम दिया गया। बच्ची में दुर्लभ आनुवंशिक रोग विल्सन्स रोग का निदान किया गया था, जिसमें शरीर में अतिरिक्त कॉपर जमा हो जाता है। इसके उपचार के लिए मरीज को जीवन भर दवाओं पर ही निर्भर रहना पड़ता है। हालांकि ऐसे कुछ मामलों में लिवर फेलियर के चलते बच्चे कोमा में चले जाते हैं। विलसन रोग में कोमा में चले जाने पर बच्चों में मृत्यु दर 100 फीसदी होती है। 25 मार्च की शाम 8 साल की अंशिका को इन्द्रप्रस्थ अपोलो हॉस्पिटल में भर्ती किया गया, उस समय बच्ची कोमा में थी। इससे पहले एक और अस्पताल में बच्ची का इलाज चल रहा था, जहां उसकी हालत लगातार बिगड़ती जा रही थी।

## जबरन खोलीं मीट शाप, द्वाराहाट में फिर बखेड़ा

**संवाददाता** द्वाराहाट। नगर का माहौल 20 दिन की शांति के बाद फिर गरमा गया। व्यवस्था के उलट त्रिमूर्ति चौराहा पर जबरन मीट की दुकानें खोलने पर बखेड़ा खड़ा हो गया। इसे समझौते का उल्लंघन करार दे व्यापारी व पंचायत प्रतिनिधि सड़क पर उतर आए। प्रदर्शन कर धरने पर बैठ गए। माहौल तब और बिगड़ गया जब वाल्मीकि समाज के एक युवक ने अभद्र टिप्पणी कर दी। इससे व्यापारी और भड़क उठे। पुनरू टकराव की आशंका में पुलिस ने मीटशाप बंद करा दिए। विधायक मदन सिंह बिष्ट ने कड़ी हिदायत दी कि नगर में गुंडागर्दी कतई बर्दास्त नहीं की जाएगी। तब मामला कुछ शांत हुआ। त्रिमूर्ति चौराहा पर बुधवार को बंद कराई गई मीट की दकानें खोल दी गईं। इससे व्यापारी व पंचायत प्रतिनिधि गुस्सा गए। उन्होंने चौराहा पर धरना शुरू कर दिया। माहौल बिगडने के आसार देख एसओ राजेंद्र बिष्ट मय फोर्स पहुंच गए।

**व्यापारियों के पक्ष में खुलकर बोले विधायकः** चौखुटिया जा रहे विधायक मदन हंगामे के बीच धरनास्थल पर पहुंचे। व्यापारियों व पंचायत प्रतिनिधियों को सही करार दे माहौल बिगाड़ने पर आमादा लोगों को खरीखोटी सुनाई। दो टूक कहा कि सांस्कृतिक व आध्यात्मिक नगरी में गुंडागर्दी बिल्कुल बर्दास्त नहीं की जाएगी। व्यापरियों ने स्पष्ट चेतावनी दी कि प्रशासन की आड़ में यदि मीट की दुकानें खोल फिजा खराब करने की कोशिश की गई तो बेमियादी बाजार बंद व चक्काजाम किया जाएगा।



## महाविद्यालय के 300 छात्रों को खिलाई कृमि मुक्ति की दवा

**संवाददाता** पुरोला। राष्ट्रीय कृमि मुक्ति व माप अप दिवस पर ब.ला.जु.रा. स्नातकोत्तर महाविद्यालय पुरोला में प्राध्यापको व स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारियों की निगरानी में महाविद्यालय के 300 छात्र छात्राओं को कृमि मुक्ति की दवा एलमेंडाजोल की गोलियां दी गयी। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ ए. के.तिवारी ने बताया कि छात्र छात्राओं को स्वास्थ्य के प्रति सचेत करने के लिये राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस पर 18 वर्ष तक के छात्र छात्राओं को एलमेंडजोल की गोलियां खिलाई जा रही जिससे कि आने वाले बर्षात के समय मे होने वाले अनेक विषाणुजनित रोगों से बचा जा सके साथ ही उन्होंने महाविद्यालय के सभी छात्र छात्राओं से अपील की कि वह सभी इस मिशन को इस जागरूकता के साथ कि सभी लोग अपने आस पास साफ सफाई, दुषित पानी न पीना व दूषित भोजन न करने को ले कर घर घर जागरुकता फैलाएं।

## टोल प्लाजा पर ही संतों ने किया हनुमान चालीसा का पाठ, दी सात दिन की मोहलत

**संवाददाता** भगवानपुर। हरिद्वार जिले में भगवानपुर के डाडा जलालपुर गांव में हुए पथराव के ओरापितों की गिरफ्तारी की मांग को लेकर संतों ने पुलिस और प्रशासन को सात दिन का समय दिया है।

वहीं बुधवार को उप जिलाधिकारी कार्यालय में होने वाले हनुमान पाठ का आयोजन भी नहीं किया गया। पुलिस द्वारा रोके जाने पर संतों ने टोल प्लाजा पर ही हनुमान चालीसा का पाठ किया। बुधवार सुबह स्वामी दिनेशानंद भारती के साथ कई संत व स्ध्थानीय लोग उप जिलाधिकारी कार्यालय पर हनुमान चालीसा पाठ करने निकले थे। इससे पहले शिव मंदिर में काली



सेना के राज्य संयोजक स्वामी दिनेशानंद भारती ने लोगों के साथ बैठक ली।

इसके बाद वह पूर्व घोषित कार्यक्रम के तहत डाडा जलालपुर गांव से भगवानपुर टोल प्लाजा पर पहुंच कर विधायक ममता राकेश का पुतला दहन किया गया। पुतला दहन के बाद लोग उप जिलाधिकारी कार्यालय पर हनुमान चालीसा का पाठ करने के लिए गांव से रवाना हो गए। लेकिन पुलिस ने इन्हें टोल प्लाजा पर रोक लिया, जिसके बाद यहीं पर हनुमान पाठ किया गया।।

**सात दिन में सभी आरोपितों को गिरफ्तार किया जाएः** संतों ने चेतावनी दी कि सात दिन में सभी आरोपितों को गिरफ्तार किया जाए। साथ ही संतों का आरोप है कि उस दिन मस्जिद के मौलाना ने भीड़ को उकसाने का काम किया था, इसलिए उसको भी मुख्य आरोपित बनाया जाए और शोभा यात्रा पर पथराव करने वाली महिलाओं को भी नामजद किया जाए। यदि सात दिन में सभी आरोपितों की गिरफ्तारी नहीं होती है और उन पर ठोस कार्रवाई नहीं होती है तो धर्म संसद का आयोजन किया जाएगा, जिसमें आगे का निर्णय लिया जाएगा।

## लाइब्रेरी घोटाला मामले में हाई कोर्ट ने मदन कौशिक से मांगा जवाब

**संवाददाता** नैनीताल। हाईकोर्ट ने हरिद्वार में पुस्तकालय घोटाला मामले में दायर जनहित याचिका पर सुनवाई की। कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति संजय कुमार मिश्रा व न्यायमूर्ति आरसी खुल्बे की खंडपीठ ने याचिका में पक्षकार भाजपा प्रदेश अध्यक्ष व हरिद्वार शहर विधायक मदन कौशिक को नोटिस जारी कर चार सप्ताह के भीतर जवाब पेश करने को कहा है। अगली सुनवाई के लिए चार सप्ताह के बाद कि तिथि नियत की है। सुनवाई के दौरान याचिकाकर्ता की ओर स्व कहा गया कि अभी तक पुस्तकालयों का संचालन नही हुआ है, जबकि सरकार की तरफ से कहा गया कि पुस्तकालयों का संचालन 2019 में ही हो गया था। बुधवार को नैनीताल हाई कोर्ट में देहरादून निवासी सच्चिदानंद डबराल की जनहित याचिका पर सुनवाई हुई। जिसमें कहा है कि 2010 में तत्कालीन विधायक मदन कौशिक की विधायक निधि से करीब डेढ़ करोड़ की लागत से 16 पुस्तकालय बनाने के लिए धनराशि आवंटित की गई।